गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u> दिनांक : 20.01.2012

पहला दिन : मेजबान जीजीवी की टीम ने जीता मैच

जीजीवी व दिल्ली की एकतरफा जीत

एमजीकेवी व उत्कल में रही कांटे की टक्कर

बिलासपुर : गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के क्रीड़ांगन में चल रही अखिल भारतीय अन्तर–विश्वविद्यालयीन नेटबॉल (महिला) स्पर्धा में दिनांक 20.01.2012 को **पहला मैच** कर्नाटक विश्वविद्यालय एवं एमडीयू रोहतक के बीच खेला गया जिसमें एमडीयू रोहतक 33/11 अंक से विजयी रही।

दूसरा मैच तुमकुर विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय पुणे के बीच खेला गया गया जिसमें विश्वविद्यालय पुणे 26/15 अंक से विजयी रही।

तीसरा मैच दिल्ली विश्वविद्यालय एवं आरटी नागपुर विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय 29/01 से विजयी रही।

चौथा मैच महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ (एमजीकेवी), वाराणसी एवं उत्कल विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें विद्यापीठ 22/21 से विजयी रही।

पांचवां मैच गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं आरसीयू बेलागावां के मध्य खेला गया जिसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर 32/01 से विजयी रही।

छठवां मैच बिजापुर विश्वविद्यालय एवं तमिलनाडु विश्वविद्यालय के मध्य खेला गया जिसमें तमिलनाडु विश्वविद्यालय 26/02 से विजयी रही।

इस स्पर्धा में नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इण्डिया एवं राज्य छत्तीसगढ़ के निर्णायकों द्वारा मैच का संचालन किया जा रहा है।

नौ टीमों को मिला वाकओवर

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के क्रीड़ांगन में चल रही अखिल भारतीय अन्तर–विश्वविद्यालयीन नेटबॉल (महिला) स्पर्धा में पहले दिन दिनांक 20.01.2012 को कुल 09 टीमों को निर्धारित समय पर प्रतिद्वंद्वी टीमों के न आने के कारण वाकओवर दे दिया गया। इन टीमों में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय, महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, ओसमानिया विश्वविद्यालय, कृष्णा विश्वविद्यालय आन्ध्रप्रदेश,

अन्नामलाई विश्वविद्यालय, विश्व आर्या विश्वविद्यालय कर्नाटक, बंगलौर विश्वविद्यालय, एमडीयू रोहतक विश्वविद्यालय एवं एच.ए. नार्थ गुजरात की टीमें शामिल हैं।

मीडिया प्रभारी

प्रति, सम्पादक,

————————————बिलासपुर (छ.ग.)